केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9336715406
8400925463

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :47 अंक 266 मंगलवार 21 अप्रैल 2026 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । कोतवाली थाना क्षेत्र के तिवारीपुर गांव में सोमवार सुबह एक 30 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बरामदे में पंखे से लटका मिला। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान श्रीकांत उर्फ पप्पू के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि श्रीकांत रविवार रात खाना खाकर बरामदे में सोने गया था। सोमवार तड़के परिवार के सदस्यों ने उसे बिजली के केबल के सहारे पंखे से लटका हुआ पाया।

सूचना मिलने पर पटेल चौकी इंचार्ज राम अशोक यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों की उपस्थिति में शव को नीचे उतरवाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट और अन्य साक्ष्य जुटाए। बताया गया है कि श्रीकांत के माता–पिता पाही अजगैवा जंगल क्षेत्र में रहते हैं, जबकि श्रीकांत अपने तीन भाइयों के साथ तिवारीपुर में रहता था। वह भाइयों में मंझला था और अविवाहित था।

कोतवाली प्रभारी मोती चंद ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मौत के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ होगी कि यह आत्महत्या है या कोई अन्य कारण। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

### लेखपाल पर रिश्वत मांगने, धमकी देने का आरोप

–भारतीय बस्ती संवाददाता

बस्ती में एक लेखपाल के घूस मांगने व फर्जी मुकदमें में फंसानें की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने अपने हल्का लेखपाल पर यह गंभीर आरोप लगाए है। शिकायतकर्ता ने लेखपाल पर रिश्वत मांगने और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायतकर्ता की पहचान अच्युतानंद के रूप में हुई है, जो हरैया तहसील के दौलतपुर गांव के रहने वाले है। अच्युतानंद के अनुसार, उनके घर का निर्माण लगभग 20–25 वर्ष पुराना है। लेखपाल इंद्र नारायण गौतम इस निर्माण को हटवाकर सड़क बनाना चाहते हैं। यह मामला दीवानी न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़ित ने बताया कि एसडीएम ने न्यायालय वाद के आधार पर निर्माण को प्रभावित न करने के निर्देश भी दिए थे।

पीड़ित के अनुसार 22 मार्च को लेखपाल इंद्र नारायण गौतम ने अच्युतानंद को फोन कर गांव के बाहर बुलाया। वहां उन्होंने 50 हजार रुपए की मांग की। पीड़ित का आरोप है कि पैसे न देने पर लेखपाल ने निर्माण ध्वस्त कराने और एससी–एसटी एक्ट के तहत फर्जी मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी।

### अपर जिला सूचना अधिकारी को मातृ शोक



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। जिला सूचना कार्यालय में कार्यरत अपर जिला सूचना अधिकारी हितेन्द्र कुमार चौधरी की माता जी का 19 अप्रैल को स्वर्गवास हो गया है। इस दुखद घड़ी में कार्यालय के समस्त कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रख कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया। अश्वनी तिवारी, अब्दुल हक, ओम प्रकाश, श्रीमती विद्यावती व जगदीश प्रसाद उपस्थित रहें।

## अमेरिका–ईरान वार्ता पर संशय, युद्ध की आशंका



**वॉशिंगटन डीसी/तेहरान (आभा)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान के साथ डील पाकिस्तान में साइन होगी। उन्होंने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि समझौता हो सकता है।

इससे पहले न्यूयॉर्क पोस्ट को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने बताया था कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत अमेरिकी डेलिगेशन बातचीत के लिए इस्लामाबाद रवाना हो गया है ।

ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ईरान के साथ बातचीत करने जा रहा है और उन्हें उम्मीद है कि इस बार कोई 'गेम' नहीं खेला जाएगा। इसी बीच पाकिस्तान और ईरान के बीच भी कूटनीतिक हलचल तेज हो गई है। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने ईरानी राजदूत रेजा अमीरी मोगद्दम से मुलाकात की, जिसमें अमेरिका के साथ संभावित वार्ता और क्षेत्रीय तनाव कम करने के मुद्दे पर चर्चा हुई।

होर्मुज में बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान में दोनों देशों के बीच दूसरी दौर की बातचीत होगी या नहीं, इसे लेकर सस्पेंस बना हुआ है। ईरान ने कहा कि अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी सीजफायर के समझौते का उल्लंघन है और अमेरिका की धमकी भरी भाषा से हालात और खराब हो रहे हैं। इन परिस्थितियों में बातचीत की उम्मीद बहुत कम है।

वहीं अल जजीरा की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि बातचीत एक नहीं बल्कि कई दिनों तक चल सकती है। कोशिश यह है कि एक अस्थायी समझौता यानी एमओयू साइन हो जाए, जिससे सीजफायर आगे बढ़ सके और करीब 60 दिन का समय मिल जाए ताकि बड़ा शांति समझौता तैयार किया जा सके। लेकिन यह सब तभी संभव है जब ईरान इसमें हिस्सा ले।

ईरान ने इस्लामाबाद में होने वाले शांति वार्ता के दूसरे दौर में शामिल होने से इनकार कर दिया है। ईरान ने अमेरिका की मांगों और नाकेबंदी को इस फैसले का मुख्य कारण बताया है।

ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड करीब 6.5: की तेजी के साथ 96.27 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के पास शांति समझौते के लिए यह आखिरी मौका है। उन्होंने कहा कि वह पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की तरह वही गलती नहीं दोहराएंगे।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार के बीच फोन पर बातचीत हुई है। इस दौरान दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय हालात और मौजूदा कूटनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की।

## जिला उपाध्यक्ष आनन्द दुबे के नेतृत्व में ब्लाक अध्यक्ष का शिक्षकों ने किया स्वागत




–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। कुदरहा (बस्ती)। उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आनंद दुबे के नेतृत्व में ब्लाक संसाधन केंद्र (बीआरसी) पर सैकडों शिक्षकों ने सोमवार को नवनियुक्त उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय का फूल मालाओं से स्वागत कर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के विस्तार पर चर्चा करते हुए तीन लोगों को संरक्षक बनाया गया।

शिक्षकों को संबोधित करते हुए नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय ने कहा कि संगठन ने जो दायित्व सौपा है उसका निष्ठा व लगन से निर्वहन करूगां। शिक्षको का आज जो प्यार व दुलार प्राप्त हुआ है, इसका सदैव ऋडी रहूंगा। इसके लिये शिक्षक हित में जो भी संघर्ष करना पडेगा सदैव तैयार हूं।

वरिष्ठ जिलाउपाध्यक्ष आनंद दुबे ने बताया कि शिक्षकों के हित के संगठन के जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ला का निर्णय सभी शिक्षक को स्वीकार है। इनके सानिध्य में शिक्षको को जो सम्मान प्राप्त हो चुका है वह कही संभव नही है। विना भेदभाव के सभी के लिये संगठन सदैव कदम में कदम मिला कर चलने को तैयार है।

शिक्षक डा अनुप सिंह, अखिलेश कुमार त्रिपाठी, डा सुनील यादव, ज्ञान उपाध्याय, अमित श्रीवास्तव, सुरेंद्र चौधरी, जिला संगठन मंत्री अमित पाण्डेय, संजय यादव व प्रदीप चौहान ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में ममता देवी, शिवाजी पांडेय, ज्ञान प्रताप, चंद्रशेखर, नीरज पांडेय, राजेश्वर शर्मा, शिवम यादव, विनय यादव, प्रेमसागर रमन, दीनानाथ, विवेकानंद, अरुण वर्मा, दुर्गेश सिंह, राकेश यादव, सुनील यादव, रजत शुक्ला, विवेक पांडेय, योगेंद्र, रोहित सिंह, अमित, अभिषेक दुबे, प्रदीप चौहान, संजय यादव, वसीम अहमद, सत्येंद्र मिश्र व राजेश यादव सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

## जूस बेचने वाले बालक को पीटने वाला दारोगा लाइन हाजिर



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती।` लालगंज थानाक्षेत्र में एक दारोगा पर गन्ने का जूस बेचने वाले 14 वर्षीय किशोर को पीटने और अपनी बाइक साफ कराने का आरोप लगा है। किशोर के पिता ने इस मामले में लालगंज थाने में दारोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी है।

यह घटना रविवार शाम करीब 4.30 बजे बनकटी के बखरिया मोड़ पर हुई। कुढ़वा गांव निवासी गौतम राजभर यहां गन्ने के जूस की दुकान लगाते हैं। घटना के समय गौतम अपने 14 वर्षीय बेटे विकास कुमार को दुकान पर छोड़कर भोजन करने गए थे। इसी दौरान लालगंज थाने में तैनात एक उपनिरीक्षक ने अपनी बाइक दुकान के पास खड़ी की और कहीं चले गए। जब उपनिरीक्षक वापस लौटे, तो उन्होंने अपनी बाइक पर थूक लगा देखा। उन्होंने विकास से पूछा कि किसने थूका है। इसी बात पर विवाद शुरू हो गया और उपनिरीक्षक ने विकास को थप्पड़ मार दिया। आरोप है कि दारोगा ने किशोर से अपनी बाइक भी साफ करवाई।

घटना की जानकारी मिलने पर विकास के पिता गौतम राजभर लालगंज थाने पहुंचे। उन्होंने संबंधित दारोगा के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की। आरोपी दरोगा शैलेन्द्र सिंह को एसपी यशवीर सिंह ने लाइन हाजिर कर दिया है। साथ ही जांच भी शुरू करा दी है।

## भारतीय परम्परा में ज्ञान, शक्ति, ममता का साक्षात स्वरूप है नारी– संजय शुक्ल




–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान, अयोध्या तथा श्रीमती कृष्ण कुमारी पाण्डेय गर्ल्स इंटर कॉलेज, बस्ती के संयुक्त तत्वाधान में "नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम" के अंतर्गत "सीता तत्व परिसंवाद एवं रामायण शक्ति तत्व उत्सव" विषयक संगोष्ठी एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन श्रीमती कृष्ण कुमारी पांडेय गर्ल्स इंटर कालेज में किया गया। कार्यक्रम भारतीय संस्कृति की महान परंपराओं, आदर्श नारीत्व एवं मर्यादा के सर्वोच्च प्रतिमान माता सीता के जीवन मूल्यों पर केंद्रित रहा। भारतीय ज्ञान परंपरा तथा रामायण के विविध महिला पात्रों के दिव्य चरित्र पर वक्ताओं में अपने विचार रखे। कवियों ने देश के विदुषी महिलाओ के कृतित्व पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। विद्यालय की छात्राओं ने निबंध, चित्रकला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नारी शक्ति की महत्ता का बखान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सहायक शिक्षा निदेशक बस्ती मंडल संजय कुमार शुक्ला, बीएसए अनूप कुमार तिवारी, सह जिला विद्यालय निरीक्षक अनूप कुशवाहा, समन्वयक डॉ सुरभि सिंह, राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक डॉ सर्वेष्ट मिश्र ने मां सरस्वती जी के प्रतिमा का समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ सुरभि सिंह एवं डॉ सर्वेष्ट मिश्र ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न अंग वस्त्र एवं रामायण भेंट का स्वागत किया। इस अवसर पर सहायक शिक्षा निदेशक संजय शुक्ल ने कहा कि अयोध्या के महात्म्य में माता सीता ने जो मर्यादा की स्थापना की वह अमर गाथा बन गई। उन्होंने कहा कि महिला शब्द में ममता, हिम्मत और लज्जा तीनों चीजें शामिल हैं जो उन्हें दुनिया में सबसे अधिक महत्वपूर्ण बनाती हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत में देश की महिलाओं ने जो स्थान हासिल किया है वह विश्व परिदृश्य में अजर अमर है। बी एस ए अनूप तिवारी ने रामायण काल में महिलाओं के त्याग, बलिदान और समर्पण को अभूतपूर्व बताया। सह जिला विद्यालय निरीक्षक अनूप कुशवाहा ने कहा कि नई पीढ़ी को देश के गौरवशाली महिलाओं से प्रेरणा लेनी चाहिए।

कार्यक्रम में आयोजित विचार संगोष्ठी में महिला पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ सुनीता त्रिपाठी ने कहा कि रामायण की महिला पात्रों ने जो आदर्श स्थापित किया है वह अतुलनीय है। सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर, रामबाग की प्राचार्य प्रियंका सिंह एवं आरएलएस सिटी इंटरनेशनल स्कूल की निदेशक प्रीता खंडेलवाल, पांडेय गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्राचार्य डॉ सुरभि सिंह ने रामायण के विभिन्न महिला पात्रोंकृमाता सीता, उर्मिला, कौशल्या एवं शबरी के जीवन, आदर्श, त्याग, धैर्य एवं नारी शक्ति के विविध आयामों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ सर्वेष्ट मिश्र ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में नारी के योगदान हमेशा अतुलनीय रहा है।

कार्यक्रम में "रामायण शक्ति तत्व उत्सव" के अंतर्गत आयोजित कवि सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कवि विनोद उपाध्याय, शिवा त्रिपाठी, समीर तिवारी, कात्यायनी उपाध्याय ने अपनी रचनाओं से लोगो को भाव विभोर कर दिया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत विभिन्न आकर्षक एवं भावपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे संभाषण प्रतियोगिता, निबंध , चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और लगभग डेढ़ सौ बालिकाओं को विभिन्न पुरस्कार, प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। बीएसए अनूप कुमार तिवारी ने सभी को पुरस्कार वितरित करते हुए बच्चों के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ० सर्वेष्ट मिश्र एवं संयोजिका डॉ० सुरभि सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक वागीश पाठक, प्रधानाचार्य पीके उपाध्याय, अरविंद सिंह, कुसुमलता मिश्रा, अनीता देवी पाण्डेय, दीपमाला पाण्डेय, अनीता सिंह, भारती तिवारी, संजय कुमार पाण्डेय, पिंकी सिंह, सीमा यादव, प्रवेश कुमार एवं परशुराम तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थिति रही।

## जापान में 7.5 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी



**टोक्यो (आभा)।** जापान में सोमवार दोपहर 1.23 बजे (भारतीय समयानुसार) 7.5 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया। भूकंप का केंद्र तट से करीब 100 किमी दूर समुद्र में 10 किमी गहराई पर था। जापानी मौसम एजेंसी ने इवाते, होक्काइडो और आओमोरी के तटीय इलाकों में 3 मीटर तक ऊंची सुनामी की चेतावनी जारी की है। भूकंप के बाद इवाते पर करीब 3 फीट, मियाको और हाचिनोहे में डेढ़ फीट तक लहरें दर्ज की गईं। इन इलाकों में पानी का स्तर बढ़ रहा है।

सुरक्षा के मद्देनजर बुलेट ट्रेन सेवाएं रोक दी गई हैं। प्रशासन ने तटीय इलाकों को खाली कराना शुरू कर दिया है और लोगों को समुद्र तट व नदियों से दूर रहने तथा तुरंत ऊंचे स्थानों पर जाने की सलाह दी है। राहत एजेंसियां लगातार हालात पर नजर रख रही हैं। होक्काइडो, आओमोरी, इवाते, मियागी और फुकुशिमा प्रान्तों के 1. 7 लाख निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर जाने का आदेश दिया गया है। जापान में भूकंप के कारण कई इमारतें हिलती हुई दिखाई दीं।प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों से तुरंत सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। टोक्यो में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ताकाइची ने कहा कि लोग बिना देरी किए ऊंचे और सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं, क्योंकि हालात तेजी से बदल सकते हैं। भूकंप के बाद सरकार ने आपात टास्क फोर्स का गठन किया है और प्रभावित इलाकों में हालात की निगरानी की जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि जान–माल के नुकसान की जानकारी जुटाई जा रही है।

## बस खाई में गिरी, 21 की मौत, 29 घायल



**उधमपुर (आभा)।** जम्मू–कश्मीर के उधमपुर जिले से सोमवार को दिल दहला देने वाली खबर सामने आई। रामनगर क्षेत्र में एक तेज रफ्तार निजी बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी, जिससे 21 यात्रियों की मौत हो गई और 29 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा इतना भीषण था कि बस का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह उखड़ गया और वाहन मलबे में तब्दील हो गया। अधिकारियों ने बताया कि बस ने एक ऑटो–रिक्शा को भी अपनी चपेट में ले लिया जिससे तीपहिया वाहन में सवार लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि यह हादसा सुबह करीब 10 बजे रामनगर क्षेत्र में एक तीखे मोड़ पर उस वक्त हुआ जब निजी बस का चालक नियंत्रण खो बैठा। पहाड़ी मार्ग से गुजर रहे सेना के एक काफिले ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। बस में करीब 50 यात्री सवार थे जिनमें अधिकांश अपने दैनिक कामकाज के लिए रामनगर से उधमपुर जा रहे थे।

अधिकारियों ने बताया कि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसका ऊपरी हिस्सा लगभग पूरी तरह उखड़ गया जिससे बचाव अभियान बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया। उधमपुर–रियासी रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक शिव कुमार शर्मा ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा, "रामनगर से उधमपुर जा रही बस पहाड़ी रास्ते पर नियंत्रण खो बैठी और ढलान से नीचे गिरकर सड़क पर पलट गई तथा एक ऑटो–रिक्शा भी इसकी चपेट में आ गया। मौके पर 15 यात्रियों को मृत पाया गया जबकि चार अन्य ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया।"

## देवेन्द्र वर्मा बने प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संयोजक

### कार्यकारिणी गठन के लिये सह संयोजक घोषित



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (सम्बद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ) के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार तिवारी की संस्तुति पर देवेन्द्र कुमार वर्मा को बस्ती जनपद का जिला संयोजक मनोनीत किया गया है।

नवनियुक्त जिला संयोजक देवेन्द्र कुमार वर्मा वर्तमान में परशुरामपुर विकास क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय सेवराडुहवा में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। वे लंबे समय से शिक्षक हितों के लिए संघर्षरत हैं और शिक्षकों का कहना है कि उनकी नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी।

देवेन्द्र कुमार वर्मा को जिला संयोजक बनाये जाने पर जनपद के अनेक पदाधिकारियों शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। मनोनयन के बाद श्री वर्मा ने कहा कि, 'शिक्षक संघ द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा और शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए तत्पर रहूंगा।

जिला संयोजक के सहयोग और जनपद के कार्यकारिणी गठन के लिए महेश कुमार, इन्द्रसेन मिश्रा, विजय प्रकाश चौधरी, चंद्रभान चौरसिया, राम भरत वर्मा, त्रिलोकी नाथ, राजेश कुमार चौधरी,गंगा प्रसाद,संजीव कुमार सिंह,विजय कन्नौजिया,अवलेन्द्र सिंह पटेल,सत्येंद्र कुमार यादव, अभिषेक कुमार जायसवाल को सह–संयोजक मनोनीत किया गया है।

मनोनयन पर सत्य प्रकाश पाठक, ,शोभाराम वर्मा, गिरिजा शंकर चौधरी, राम पति कन्नौजिया, विनय कुमार करुण,अनूप कुमार सौरभ पद्माकर,रमेश चंद्र चौधरी, कृष्ण कुमार चौधरी,अजय प्रताप चौधरी, कुलदीप मौर्य, पंच बहादुर यादव, अरविंद,पाण्डेय,उपेन्द्र पाण्डेय, महादेव, विवेकानंद वर्मा सहित जिले के अनेक शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## राजेश कुमार अध्यक्ष, दुर्गेश कुमार गुप्ता मंत्री निर्वाचित




### –अधिवेशन में गूंजा पुरानी पेंशन बहाली, आठवे वेतन आयोग, कोराना काल के भत्ते का मुद्दा

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । सोमवार को सिंचाई कालोनी खौरहवा में उत्तर प्रदेश मिनीस्ट्रीरियल एसोसिएशन ऑफ सर्किल आफिसेज सिंचाई विभाग का द्विवार्षिक अधिवेशन और चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंत्री तौलू प्रसाद की देख रेख में सर्वसम्मत से राजेश कुमार अध्यक्ष, धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राम बाबूराव उपाध्यक्ष, दुर्गेश कुमार गुप्ता मंत्री, अरविन्द कुमार कोषाध्यक्ष, नागेन्द्र कुमार प्रचार मंत्री, छट्ठू प्रसाद संरक्षक निर्वाचित घोषित किये गये।

द्विवार्षिक अधिवेशन को चुनाव से पूर्व सम्बोधित करते हुये राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष मस्तराम वर्मा ने कहा कि कर्मचारियों की एकजुटता से ही मांगे पूरी होंगी। सरकार पूरी तरह से हठवादिता पर उतर आयी है। इसका करारा जबाब देना होगा।

पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुये राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष रामअधार पाल ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल किये जाने और आठवे वेतन आयोग को शीघ्र लागू किये जाने को लेकर हमें निरन्तर संघर्ष तेज रखना होगा। उन्होने कोरोना काल के रोके गये डेढ वर्ष के मंहगाई भत्ते का भुगतान तत्काल कराये जाने का मुद्दा उठाया। अध्यक्षता करते हुये उमेश मणि उपाध्याय ने एकजुट होकर संगठन की मजबूती पर जोर दिया। नव निर्वाचित अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु शीघ्र अधिकारियों से वार्ता के साथ ही प्रदेश नेतृत्व से लिपिक संवर्ग के वेतन विसंगति की समस्या का समाधान कराये जाने का आग्रह किया जायेगा।

द्विवार्षिक अधिवेशन में मुख्य रूप से अम्बिका प्रसाद, अशोक कुमार, राजेश कुमार, प्रेमचन्द्र, मनोज कुमार दूबे, पंकज कुमार, राजेन्द्र यादव, अजीत कुमार श्रीवास्तव, प्रेम बिहारी गौड़, श्रीमती मधुलिका, विन्दू, निर्मला, उर्मिला, अरविन्द कुमार, नागेन्द्र कुमार, मो. शाहिद खान के साथ ही विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

**कार्यालय ग्राम बांसखोर कला वि.खं. रूधौली, जिला-बस्ती**

## अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **बांसखोर कला** द्वारा पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/वीबी–जीरामजी/राष्ट्रीयग्राम स्वराज/अभियान/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/एस०एल०डब्लू०एम०/सांसद निधि/विधायक निधि / अन्त्येष्टि स्थल का विकास/ मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना सहित अन्य योजनान्तर्गत योजना वर्ष 2026–27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, लोकल सैड, बालू, मोरंग, मिट्टी दुलाई सहित, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट 80 एम०एम०, सरिया, ऐंगिल, फेंसिंग जाली, जी०आई० शीट, हयूम पाइप 250 एम०एम० व्यास से 900 एम०एम० व्यास तक सभी साइज, बेंच, डस्टबिन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, विद्युत व इलेक्ट्रानिक उपकरण, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प मम्मत व रिबोर से जुडे सामग्री व उपकरण, पेंटिंग, पलम्बिंग सामग्री, फागिंग मशीन व रसायन, सफाई उपकरण, कुर्सी, मेज, अलमारी, स्टेशनरी, साइनबोर्ड, शिलापट्ट, ठेला, ई रिक्शा आदि के आपूर्ति हेतु निविदा दर तथा वांछित एक प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत **बांसखोर कला** के निविदा बाक्स में दिनांक 28–04–2026 तक अपरान्ह 11:30 बजे तक डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 01:00 बजे आपूर्तिकर्ता या उसके प्रतिनिधि के उपस्थिति में कार्यालय ग्राम पंचायत में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहरं धनराशि मु० 5000–00 (पांच हजार) होगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 21–04–2026 से दिनांक 27–04–2026 तक कार्यालय दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

1– जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2– आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० का रजिस्ट्रेशन तथा आयकर देने का प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3– कार्यालय ग्राम पंचायत **बांसखोर कला** द्वारा नामित कर्मचारियों तथा आपूर्तिकर्ताओ की उपस्थिति में निविदा निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर खोला जायेगा।
4– सामग्री / उपकरण की आपूर्ति ग्राम पंचायत **बांसखोर कला** की परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी अलग से कोई ढुलाई व्यय देय नही होगी।
5– जो दरें प्रस्तुत की जाय जी०एस०टी० तथा कार्टेज एवं अन्य कर जोडकर प्रस्तुत की जाय।
6– सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत के आदेश पर की जायेगी।
7– सामग्री / उपकरण की मात्रा तथा समय आवश्यकतानुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
8– प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा।
9– आपूर्तिकर्ता के बिल से नियमानुसार आयकर तथा जी०एस०टी० काटी जायेगी।
10– धरोहर की धनराशि नकद अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ०डी०आर० पत्र/एन०एस०सी०/डाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **बांसखोर कला** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
11– आपूर्ति दर स्वीकृत होने के बाद ग्राम पंचायत के आपूर्ति आदेश से सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
12– ग्राम प्रधान / सचिव/पंचायत सहायक/रोजगार सेवक / तकनीकी सहायक/कन्सल्टिंग इन्जीनियर तथा उनके सगे संबंधी रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
13– आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता आर०ई०डी०/अवर अभियन्ता / कन्सल्टिंग अभियन्ता के द्वारा गुणवत्ता एवं मात्रा प्रमाणित होने एवं मापन के बाद ही होगा।
14– निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 रू0 है पर ही स्वीकृत की जायेगी।
15– सामग्री / उपकरण आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
16– निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा।

**(कैसर जहां)** — प्रधान — ग्राम पंचायत–**बांसखोर कला**
**(तीर्थ प्रसाद)** — सचिव — ग्राम पंचायत–**बांसखोर कला**

**कार्यालय ग्राम चांद चौरा वि.खं. रूधौली, जिला-बस्ती**

## अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **चांद चौरा** द्वारा पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/वीबी–जीरामजी/राष्ट्रीयग्राम स्वराज/अभियान/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/एस०एल०डब्लू०एम०/सांसद निधि/विधायक निधि / अन्त्येष्टि स्थल का विकास/ मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना सहित अन्य योजनान्तर्गत योजना वर्ष 2026–27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, लोकल सैड, बालू, मोरंग, मिट्टी दुलाई सहित, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट 80 एम०एम०, सरिया, ऐंगिल, फेंसिंग जाली, जी०आई० शीट, हयूम पाइप 250 एम०एम० व्यास से 900 एम०एम० व्यास तक सभी साइज, बेंच, डस्टबिन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, विद्युत व इलेक्ट्रानिक उपकरण, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प मम्मत व रिबोर से जुडे सामग्री व उपकरण, पेंटिंग, पलम्बिंग सामग्री, फागिंग मशीन व रसायन, सफाई उपकरण, कुर्सी, मेज, अलमारी, स्टेशनरी, साइनबोर्ड, शिलापट्ट, ठेला, ई रिक्शा आदि के आपूर्ति हेतु निविदा दर तथा वांछित एक प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत **चांद चौरा** के निविदा बाक्स में दिनांक 29–04–2026 तक अपरान्ह 12:00 बजे तक डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे आपूर्तिकर्ता या उसके प्रतिनिधि के उपस्थिति में कार्यालय ग्राम पंचायत में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर धनराशि मु० 5000–00 (पांच हजार) होगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 21–04–2026 से दिनांक 28–04–2026 तक कार्यालय दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

1– जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2– आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० का रजिस्ट्रेशन तथा आयकर देने का प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3– कार्यालय ग्राम पंचायत **चांद चौरा** द्वारा नामित कर्मचारियों तथा आपूर्तिकर्ताओ की उपस्थिति में निविदा निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर खोला जायेगा।
4– सामग्री / उपकरण की आपूर्ति ग्राम पंचायत **चांद चौरा** की परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी अलग से कोई ढुलाई व्यय देय नही होगी।
5– जो दरें प्रस्तुत की जाय जी०एस०टी० तथा कार्टेज एवं अन्य कर जोडकर प्रस्तुत की जाय।
6– सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत के आदेश पर की जायेगी।
7– सामग्री / उपकरण की मात्रा तथा समय आवश्यकतानुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
8– प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा।
9– आपूर्तिकर्ता के बिल से नियमानुसार आयकर तथा जी०एस०टी० काटी जायेगी।
10– धरोहर की धनराशि नकद अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ०डी०आर० पत्र/एन०एस०सी०/डाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **चांद चौरा** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
11– आपूर्ति दर स्वीकृत होने के बाद ग्राम पंचायत के आपूर्ति आदेश से सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
12– ग्राम प्रधान / सचिव/पंचायत सहायक/रोजगार सेवक / तकनीकी सहायक/कन्सल्टिंग इन्जीनियर तथा उनके सगे संबंधी रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
13– आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता आर०ई०डी०/अवर अभियन्ता / कन्सल्टिंग अभियन्ता के द्वारा गुणवत्ता एवं मात्रा प्रमाणित होने एवं मापन के बाद ही होगा।
14– निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 रू0 है पर ही स्वीकृत की जायेगी।
15– सामग्री / उपकरण आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
16– निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा।

**(विजय लक्ष्मी)** — प्रधान — ग्राम पंचायत–**चांद चौरा**
**(तीर्थ प्रसाद)** — सचिव — ग्राम पंचायत–**चांद चौरा**

# अयोध्या धाम में मनाया गया भगवान परशुराम का प्राकट्य उत्सव



## सनातन धर्मावलंबियों को परशुराम जी के आदर्शों को अपनाना चाहिए –आचार्य श्रवण कुमार मिश्र

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या धाम। वैशाख मास के अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर दुर्वासा आश्रम में भगवान परशुराम का प्राकट्य उत्सव इस वर्ष भी अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और वैदिक विधि–विधान के साथ धूमधाम से मनाया गया। रविवार, 19 अप्रैल की निशामुख बेला में आयोजित इस दिव्य उत्सव में दूर–दूर से आए श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया।आश्रम में विगत ग्यारह वर्षों से परब्रह्म स्वरूप भगवान परशुराम की उपस्थिति को लेकर विशेष आस्था बनी हुई है। यहां प्रतिदिन शास्त्रोक्त विधि से उनका अर्चन–वंदन किया जाता है, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहता है। उत्सव के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन–अर्चन और भजन–कीर्तन से पूरा परिसर गुंजायमान रहा।आचार्य प्रवर श्रवण कुमार मिश्र ने अपने प्रवचन में भगवान परशुराम के दिव्य स्वरूप और उनके धर्मरक्षक स्वरूप का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि परशुराम तीनों रामों में ज्येष्ठ और श्रेष्ठ हैं तथा उनकी उपासना से व्यक्ति के जीवन में लौकिक उन्नति के साथ–साथ आध्यात्मिक उत्कर्ष भी होता है।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि परशुराम ने धर्म की रक्षा हेतु भगवान राम को अपना धनुष, बाण और तेज प्रदान किया था तथा ऋषियों के कल्याण के लिए समुद्र को पीछे हटने के लिए विवश कर दिया था।आचार्य ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम की साधना व्यक्ति को भोग–विलास से दूर कर धर्म के पथ पर अग्रसर करती है। उन्होंने यह भी चेताया कि केवल भोगवादी प्रवृत्तियों की उपासना से समाज में अधःपतन की स्थिति उत्पन्न होती है। अतः सनातन धर्मावलंबियों को परशुराम जी के आदर्शों को अपनाते हुए उनके दर्शन और उपासना का लाभ उठाना चाहिए।उत्सव में समाज और राष्ट्र के कल्याण की कामना करते हुए यह प्रार्थना भी की गई कि भगवान परशुराम अन्यायकारी और उद्दंड शासकों से समाज की रक्षा करें तथा धर्म और संस्कृति को सुरक्षित बनाए रखें। उनके फरसे को ज्ञान और प्रकाश का प्रतीक बताते हुए कहा गया कि यह अज्ञान रूपी अंधकार का नाश करने वाला है।पूरे आयोजन में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी रही, जिससे आश्रम परिसर में आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि समाज को धर्म, मर्यादा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता रहा।

# घरेलू विवाद में बड़े भाई ने छोटे को मार डाला

**संवाददाता–महराजगंज।** जिले के घुघली थाना क्षेत्र के ग्राम चौमुखा नौका टोला में सोमवार को एक मामूली घरेलू विवाद ने दिल दहला देने वाली वारदात का रूप ले लिया। बड़े भाई ने अपने ही सगे छोटे नाबालिग भाई पर कैंची से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घुघली सीएचसी से गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद सनसनी फैल गई है। गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। बताया जा रहा है कि किसी पारिवारिक विवाद को लेकर दोनों नाबालिग भाइयों में जखीरा बाजार में विवाद हो गया। बड़े भाई की उम्र 16 और छोटे भाई की उम्र 15 वर्ष बताई जा रही है। बात इतनी बिगड़ गई कि गुस्से में आकर बड़े भाई ने छोटे भाई के सर व हाथ पर कैंची से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। लहुलूहान हालत में घायल किशोर मौके पर ही गिरकर तड़पने लगा। घटना के बाद परिवार और आसपास के लोगों में अफरा–तफरी मच गई। सूचना मिलते ही घुघली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल किशोर को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघली ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया है।

## सूरज के हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर परिजनों का प्रदर्शन

**संवाददाता–देवरिया।** रामपुर खुरहुरिया निवासी सूरज पुत्र मधु राजभर की संदिग्ध मौत के मामले में परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश सोमवार को सड़क पर फूट पड़ा। गुस्साए लोगों ने शव को रखकर भटनी– साहोपार बायपास स्थित अंडरपास को जाम कर दिया, जिससे करीब डेढ़ घंटे तक आवागमन बाधित रहा।बताते चलें कि रविवार की सुबह जेडी पब्लिक स्कूल के पीछे बाग में पेड़ से लटकता हुआ सूरज का शव मिला था। शव मिलने की सूचना पर पहुंचे परिजन बदहवास हो गए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था, जिसमें फंदे से लटकने की पुष्टि हुई थी।

# संत–महंतों ने अर्पित की श्रद्धांजलि, सेवा और साधना के आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**



अयोध्या। श्रीरामनगर में स्थित सिद्ध पीठ श्री श्यामासदन मंदिर, रामघाट के साकेतवासी महंत संतगोपाल दास महाराज की पांचवीं पुण्यतिथि श्रद्धा, भक्ति और स्मृति के भावों के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संत–महंतों, धर्माचार्यों एवं श्रद्धालुओं ने एकत्रित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके महान कृतित्व एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्व का स्मरण किया।पुण्यतिथि समारोह में बड़ी संख्या में संत, महंत और भक्तजन उपस्थित रहे। सभी ने गुरुदेव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विनम्र नमन किया। श्यामासदन मंदिर के वर्तमान पीठाधीश्वर श्री श्री 108 बालयोगी महंत श्रीधर दास ने बताया कि उनके गुरुदेव भगवान सेवा को ही भक्ति का सर्वोच्च साधन मानते थे, और वे स्वयं भी उन्हीं के पदचिह्नों पर चलने का प्रयास कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि महंत संतगोपाल दास महाराज एक उच्च कोटि के संत, गौसेवक और भजनानंदी महापुरुष थे, जिनका संपूर्ण जीवन साधना, सेवा और समर्पण का अद्भुत उदाहरण रहा। उनका स्वभाव अत्यंत सरल, सहज और करुणामय था, जो प्रथम दर्शन में ही प्रत्येक व्यक्ति के हृदय को स्पर्श कर लेता था। गुरुदेव ने आश्रम के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसके परिणामस्वरूप आज यहां ठाकुरजी की सेवा के साथ–साथ गौसेवा, संतसेवा, विद्यार्थियों एवं आगंतुकों की सेवा निरंतर सुचारु रूप से संचालित हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि आश्रम में सभी धार्मिक उत्सव, पर्व और समैया परंपरागत विधि से मनाए जाते हैं। मठ में अन्नक्षेत्र सहित विभिन्न सेवा प्रकल्पों के माध्यम से जनकल्याण के कार्य सतत रूप से चल रहे हैं। महंत संतगोपाल दास महाराज ने सेवा को ही अपना धर्म मानते हुए जीवन पर्यंत लोकमंगल के कार्यों में स्वयं को समर्पित रखा।समारोह के अंत में श्रीधर दास ने उपस्थित संत–महंतों का विधिवत स्वागत–सत्कार किया और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महंत कमलनयन दास, महंत रामानंद दास, अधिकारी राजकुमार दास, महंत अवधकिशोर शरण, महंत रामलोचन शरण, महंत राममिलन दास, महंत राजन बाबा, महंत प्रियाशरण, महंत कमलादास, महंत गिरीश दास, महंत शशिकांत दास, महंत मनीष दास, स्वामी छविराम दास, महंत उद्धव शरण, महंत जनार्दन दास, महंत भूषण दास, महंत रामकृष्ण दास, महंत रामअवतार दास, नागा रामलखन दास एवं चंद्रहास दीक्षित सहित अनेक संत–महंत एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।पूरा वातावरण श्रद्धा, भक्ति और गुरु–स्मरण की भावनाओं से ओत–प्रोत रहा, जहां प्रत्येक श्रद्धालु ने गुरुदेव के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

**कार्यालय ग्राम पितूड़ा वि.खं. परसरामपुर, जिला-बस्ती**

## अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **पितूड़ा** द्वारा पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/वीबी–जीरामजी/राष्ट्रीयग्राम स्वराज/अभियान/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/एस०एल०डब्लू०एम०/सांसद निधि/विधायक निधि / अन्त्येष्टि स्थल का विकास/ मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना सहित अन्य योजनान्तर्गत योजना वर्ष 2026–27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, लोकल सैड, बालू, मोरंग, मिट्टी दुलाई सहित, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट 80 एम०एम०, सरिया, ऐंगिल, फेंसिंग जाली, जी०आई० शीट, हयूम पाइप 250 एम०एम० व्यास से 900 एम०एम० व्यास तक सभी साइज, बेंच, डस्टबिन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, विद्युत व इलेक्ट्रानिक उपकरण, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प मम्मत व रिबोर से जुडे सामग्री व उपकरण, पेंटिंग, पलम्बिंग सामग्री, फागिंग मशीन व रसायन, सफाई उपकरण, कुर्सी, मेज, अलमारी, स्टेशनरी, साइनबोर्ड, शिलापट्ट, ठेला, ई रिक्शा आदि के आपूर्ति हेतु निविदा दर तथा वांछित एक प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत **पितूड़ा** के निविदा बाक्स में दिनांक 27–04–2026 तक अपरान्ह 12:00 बजे तक डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे आपूर्तिकर्ता या उसके प्रतिनिधि के उपस्थिति में कार्यालय ग्राम पंचायत में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर धनराशि मु० 5000–00 (पांच हजार) होगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 21–04–2026 से दिनांक 26–04–2026 तक कार्यालय दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

1– जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2– आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० का रजिस्ट्रेशन तथा आयकर देने का प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3– कार्यालय ग्राम पंचायत **पितूड़ा** द्वारा नामित कर्मचारियों तथा आपूर्तिकर्ताओ की उपस्थिति में निविदा निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर खोला जायेगा।
4– सामग्री / उपकरण की आपूर्ति ग्राम पंचायत **पितूड़ा** की परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी अलग से कोई ढुलाई व्यय देय नही होगी।
5– जो दरें प्रस्तुत की जाय जी०एस०टी० तथा कार्टेज एवं अन्य कर जोडकर प्रस्तुत की जाय।
6– सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत के आदेश पर की जायेगी।
7– सामग्री / उपकरण की मात्रा तथा समय आवश्यकतानुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
8– प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा।
9– आपूर्तिकर्ता के बिल से नियमानुसार आयकर तथा जी०एस०टी० काटी जायेगी।
10– धरोहर की धनराशि नकद अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ०डी०आर० पत्र/एन०एस०सी०/डाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **पितूड़ा** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
11– आपूर्ति दर स्वीकृत होने के बाद ग्राम पंचायत के आपूर्ति आदेश से सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
12– ग्राम प्रधान / सचिव/पंचायत सहायक/रोजगार सेवक / तकनीकी सहायक/कन्सल्टिंग इन्जीनियर तथा उनके सगे संबंधी रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
13– आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता आर०ई०डी०/अवर अभियन्ता / कन्सल्टिंग अभियन्ता के द्वारा गुणवत्ता एवं मात्रा प्रमाणित होने एवं मापन के बाद ही होगा।
14– निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 रू0 है पर ही स्वीकृत की जायेगी।
15– सामग्री / उपकरण आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
16– निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा।

**(सरिता यादव)** — प्रधान — ग्राम पंचायत–पितूड़ा
**(महेश चन्द्र पाण्डेय)** — सचिव — ग्राम पंचायत–पितूड़ा

**कार्यालय ग्राम जिगिना वि.खं. रूधौली, जिला-बस्ती**

## अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **जिगिना** द्वारा पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/वीबी–जीरामजी/राष्ट्रीयग्राम स्वराज/अभियान/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/एस०एल०डब्लू०एम०/सांसद निधि/विधायक निधि / अन्त्येष्टि स्थल का विकास/ मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना सहित अन्य योजनान्तर्गत योजना वर्ष 2026–27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, लोकल सैड, बालू, मोरंग, मिट्टी दुलाई सहित, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट 80 एम०एम०, सरिया, ऐंगिल, फेंसिंग जाली, जी०आई० शीट, हयूम पाइप 250 एम०एम० व्यास से 900 एम०एम० व्यास तक सभी साइज, बेंच, डस्टबिन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, विद्युत व इलेक्ट्रानिक उपकरण, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प मम्मत व रिबोर से जुडे सामग्री व उपकरण, पेंटिंग, पलम्बिंग सामग्री, फागिंग मशीन व रसायन, सफाई उपकरण, कुर्सी, मेज, अलमारी, स्टेशनरी, साइनबोर्ड, शिलापट्ट, ठेला, ई रिक्शा आदि के आपूर्ति हेतु निविदा दर तथा वांछित एक प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत **जिगिना** के निविदा बाक्स में दिनांक 28–04–2026 तक अपरान्ह 12:00 बजे तक डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे आपूर्तिकर्ता या उसके प्रतिनिधि के उपस्थिति में कार्यालय ग्राम पंचायत में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर धनराशि मु० 5000–00 (पांच हजार) होगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 21–04–2026 से दिनांक 27–04–2026 तक कार्यालय दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

1– जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2– आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० का रजिस्ट्रेशन तथा आयकर देने का प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3– कार्यालय ग्राम पंचायत **जिगिना** द्वारा नामित कर्मचारियों तथा आपूर्तिकर्ताओ की उपस्थिति में निविदा निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर खोला जायेगा।
4– सामग्री / उपकरण की आपूर्ति ग्राम पंचायत **जिगिना** की परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी अलग से कोई ढुलाई व्यय देय नही होगी।
5– जो दरें प्रस्तुत की जाय जी०एस०टी० तथा कार्टेज एवं अन्य कर जोडकर प्रस्तुत की जाय।
6– सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत के आदेश पर की जायेगी।
7– सामग्री / उपकरण की मात्रा तथा समय आवश्यकतानुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
8– प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा।
9– आपूर्तिकर्ता के बिल से नियमानुसार आयकर तथा जी०एस०टी० काटी जायेगी।
10– धरोहर की धनराशि नकद अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ०डी०आर० पत्र/एन०एस०सी०/डाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **जिगिना** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
11– आपूर्ति दर स्वीकृत होने के बाद ग्राम पंचायत के आपूर्ति आदेश से सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
12– ग्राम प्रधान / सचिव/पंचायत सहायक/रोजगार सेवक / तकनीकी सहायक/कन्सल्टिंग इन्जीनियर तथा उनके सगे संबंधी रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
13– आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता आर०ई०डी०/अवर अभियन्ता / कन्सल्टिंग अभियन्ता के द्वारा गुणवत्ता एवं मात्रा प्रमाणित होने एवं मापन के बाद ही होगा।
14– निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 रू0 है पर ही स्वीकृत की जायेगी।
15– सामग्री / उपकरण आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
16– निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा।

**(रामकेश)** — प्रधान — ग्राम पंचायत–जिगिना
**(तीर्थ प्रसाद)** — सचिव — ग्राम पंचायत–जिगिना

**कार्यालय ग्राम गोठवा वि.खं. रूधौली, जिला-बस्ती**

## अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **गोठवा** द्वारा पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/वीबी–जीरामजी/राष्ट्रीयग्राम स्वराज/अभियान/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/एस०एल०डब्लू०एम०/सांसद निधि/विधायक निधि / अन्त्येष्टि स्थल का विकास/ मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना सहित अन्य योजनान्तर्गत योजना वर्ष 2026–27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, लोकल सैड, बालू, मोरंग, मिट्टी दुलाई सहित, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट 80 एम०एम०, सरिया, ऐंगिल, फेंसिंग जाली, जी०आई० शीट, हयूम पाइप 250 एम०एम० व्यास से 900 एम०एम० व्यास तक सभी साइज, बेंच, डस्टबिन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, विद्युत व इलेक्ट्रानिक उपकरण, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प मम्मत व रिबोर से जुडे सामग्री व उपकरण, पेंटिंग, पलम्बिंग सामग्री, फागिंग मशीन व रसायन, सफाई उपकरण, कुर्सी, मेज, अलमारी, स्टेशनरी, साइनबोर्ड, शिलापट्ट, ठेला, ई रिक्शा आदि के आपूर्ति हेतु निविदा दर तथा वांछित एक प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत **गोठवा** के निविदा बाक्स में दिनांक 29–04–2026 तक अपरान्ह 12:00 बजे तक डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे आपूर्तिकर्ता या उसके प्रतिनिधि के उपस्थिति में कार्यालय ग्राम पंचायत में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर धनराशि मु० 5000–00 (पांच हजार) होगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 21–04–2026 से दिनांक 28–04–2026 तक कार्यालय दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

1– जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2– आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० का रजिस्ट्रेशन तथा आयकर देने का प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3– कार्यालय ग्राम पंचायत **गोठवा** द्वारा नामित कर्मचारियों तथा आपूर्तिकर्ताओ की उपस्थिति में निविदा निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर खोला जायेगा।
4– सामग्री / उपकरण की आपूर्ति ग्राम पंचायत **गोठवा** की परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी अलग से कोई ढुलाई व्यय देय नही होगी।
5– जो दरें प्रस्तुत की जाय जी०एस०टी० तथा कार्टेज एवं अन्य कर जोडकर प्रस्तुत की जाय।
6– सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत के आदेश पर की जायेगी।
7– सामग्री / उपकरण की मात्रा तथा समय आवश्यकतानुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
8– प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा।
9– आपूर्तिकर्ता के बिल से नियमानुसार आयकर तथा जी०एस०टी० काटी जायेगी।
10– धरोहर की धनराशि नकद अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ०डी०आर० पत्र/एन०एस०सी०/डाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **गोठवा** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
11– आपूर्ति दर स्वीकृत होने के बाद ग्राम पंचायत के आपूर्ति आदेश से सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
12– ग्राम प्रधान / सचिव/पंचायत सहायक/रोजगार सेवक / तकनीकी सहायक/कन्सल्टिंग इन्जीनियर तथा उनके सगे संबंधी रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
13– आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता आर०ई०डी०/अवर अभियन्ता / कन्सल्टिंग अभियन्ता के द्वारा गुणवत्ता एवं मात्रा प्रमाणित होने एवं मापन के बाद ही होगा।
14– निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 रू0 है पर ही स्वीकृत की जायेगी।
15– सामग्री / उपकरण आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
16– निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा।

**(सुशीला देवी)** — प्रधान — ग्राम पंचायत–गोठवा
**(तीर्थ प्रसाद)** — सचिव — ग्राम पंचायत–गोठवा

## सड़क पार कर रहे युवक को कार ने रौंदा, मौत

**संवाददाता–महराजगंज।** फरेंदा थाना क्षेत्र के बाजारडीह में सोमवार को एक बड़ा दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। खराब होने पर अपना ट्रैक्टर किनारे खड़ी कर सड़क पार कर रहे एक 25 वर्षीय युवक को तेज रफ्तार रही कार ने जोरदार ठोकर मार दी। इस हादसे में युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद कोहराम मच गया है। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया है। पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के सैलदह उर्फ कलवदह निवासी नीरज यादव (25) पुत्र शुभनाथ यादव अपना ट्रैक्टर लेकर फरेंदा की ओर आ रहा था। जैसे ही वह बाजारडीह के पास पहुंचा कि अचानक ट्रैक्टर खराब हो गया। इसके बाद उसने ट्रैक्टर को सड़क के किनारे खड़ी की और खुद सड़क पार करने लगा। इसी दौरान सोनौली की तरहफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार ठोकर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की ठोकर इतनी तेज थी कि युवक उछलकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वह सड़क पर तड़पने लगा। वहीं, हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

### अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)

न्यायालय–श्रीमान मुख्य राजस्व अधिकारी अयोध्या जिला–अयोध्या
वाद सं. 4331/2022
चन्द्रिका प्रसाद
बनाम
उ0प्र0 राज्य सरकार व अन्य

बनाम–1– सीताराम पुत्र सम्पत्ति 2. सत्यनरायन पुत्र जगेसर 3. भानमती पत्नी राम प्रसाद 4. सीताराम पुत्र जगेसर 5. राजपती दाया रामभवन 6. प्रदीप कुमार पुत्र अम्बिका प्रसाद 7. रामलली पत्नी अम्बिका प्रसाद समस्त निवासीगण ग्राम विनायकपुर परगना पश्चिम राठ तहसील मिल्कीपुर जिला अयोध्या

**तारीख पेशी 28–04–2026**

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2026 के माह 04 के 28 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 20 के माह के दिवस को निकाली गयी। द0 हाकिम

